हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 8 मार्च 2026

04 एचपीवी टीकाकरण से गर्भग्रीवा कैंसर की प्रभावी...



07 करीला सजधज कर तैयार, लाखों श्रद्धालु जानकी माता के दरबार में ...





## समाचार संक्षेप

### रंग पंचमी पर नगर परिषद आरोन में होली मिलन समारोह होगा

**आरोन।** रंग पंचमी के अवसर पर नगर परिषद आरोन द्वारा प्रातः 10 बजे नगर परिषद परिसर में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में पारंपरिक होली गीत-संगीत, तिलक और रंग लगाकर आपसी मिलन किया जाएगा तथा उपस्थित नागरिकों के लिए सल्पाहार की व्यवस्था भी रहेगी।विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल लाल जैन ने बताया कि समारोह में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और नगर के गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। वहीं उपाध्यक्ष संध्या राजीव रघुवंशी ने कहा कि यह आयोजन नगरवासियों के बीच प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देगा।सीएमओ दिनेश कुमार सोनी के मार्गदर्शन में तैयारियां की जा रही हैं। नगर परिषद अध्यक्ष अरुणा शैलेश जैन ने अधिक से अधिक नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### रंग पंचमी पर आरोन में निकलेगा भव्य गेर चल समारोह

**आरोन।** हर वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी रंग पंचमी के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में नगर में भव्य गेर रंगारंग चल समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर नगर के हिन्दू समाज में उत्साह का माहौल है।यह विशाल चल समारोह 8 मार्च 2026, रविवार को प्रातः 9 बजे सनकादिक आश्रम, इंदिरा पार्क आरोन से प्रारंभ होगा। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकलेगी, जिसमें डीजे की धुनों और फायर ब्रिगेड की रंगों की बौछार के साथ श्रद्धालु व नगरवासी उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। चल समारोह का समापन दास हनुमान मंदिर, आरोन पर होगा। आयोजकों ने नगर के समस्त हिन्दू समाज से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।


### पीलाघाट में होली मिलन समारोह, भाजपा नेता हिरेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं का किया सम्मान



**आरोन।** राघौगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पीलाघाट में हर वर्ष की तरह इस बार भी प्राचीन परंपरा के अनुसार भव्य होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम भाजपा नेता एवं राघौगढ़ विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी हिरेंद्र सिंह "बंटी बना" दादाभाई के निवास पर संपन्न हुआ।समारोह में नाच-गाने और डीजे की मधुर धुनों के बीच कार्यकर्ता और समर्थक बड़ी संख्या में होली का जश्न मनाते नजर आए। इस अवसर पर हिरेंद्र सिंह दादाभाई ने भाजपा कार्यकर्ताओं को गुलाल और तिलक लगाकर सम्मानित किया तथा सभी को होली की शुभकामनाएं दीं।होली मिलन समारोह में युवाओं की टोलियां "रंग बरसे" जैसे गीतों पर झूमती दिखाई दीं। कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भी दादाभाई को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरजीत सिंह धाकड़, पार्षद बृजेंद्र सिंह राजपूत, गोलू सिकरवार, सरपंच बृजेश रघुवंशी (सिरसी), युवा नेता चंद्रेश मीणा, समाजसेवी पत्रकार रुस्तम खान, गोलू अहिरवार, कमल अहिरवार सहित राघौगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।होली मिलन का यह उत्सव प्रातः 10 बजे से देर रात तक उत्साह और उमंग के साथ चलता रहा।

### पत्रकार राजकुमार सिंह के पिता का निधन पत्रकारों में शोक की लहर

**गुना ।** वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार सिंह रूठियाई के पिता और नंद किशोर कुशवाहा के समाजसेवी नाना वेदपाल सिंह का



बीती रात उनके दलवी कॉलोनी स्थित निवास पर निधन हो गया। वे 92 वर्ष के थे और अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। पिछले कुछ दिनों से उनके स्वास्थ्य में उतार चढ़ाव देखा जा रहा था। सुबह उनका अंतिम संस्कार कोल्हूपुरा स्थित मुक्तिधाम पर किया गया। जिसमें शहर के गणमान्य जन , पत्रकार बंधु और समाज जन शामिल हुए। पत्रकारों ने इस मौके पर गहरा शोक व्यक्त किया है एवं दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों को दुख की घड़ी में साहस प्रदान करने की कामना की है।

# शिक्षक बनना था पर पुलिस अफसर बन गई

### सटीक विवेचना के लिए मिल चुके हैं कई पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭नीरज त्रिपाठी




मेरे दादा किसान थे मेरे पिता शिक्षक हैं, मेरे परिवार में ज्यादातर लोग शिक्षक ही हैं इसलिए मैंने भी शिक्षक बनने का मन बना लिया था कि विचार मन में आया कि पुलिस एक पुलिस मैन के रूप में लोगों और समाज के लिए ज्यादा काम किया जा सकता है, निर्णायक भूमिका निभाई जा सकती है इसलिए फिर पुलिस को चुना । मेरी प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा अपने गृह नगर ग्वालियर में ही हुई। मैंने पीएससी की तैयारी भी की थी वह भी बिना किसी कोचिंग के। इसी दौरान सब इंस्पेक्टर की परीक्षा में चयन हो गया और तब से यह दायित्व निभा रही हूं । यह कहना है गुना के कैंट थाने में बाल कल्याण अधिकारी के रूप में पदस्थ सब इंस्पेक्टर ज्योति राजपूत का पिछले एक वर्ष से यहां तैनात हैं और विधि विवादित किशोरों से संबंधित प्रकरणों की सटीक विवेचना करने में कई बार पुरस्कार प्राप्त कर चुकी हैं। वे यहां पर महिला डेस्क का काम भी सहायक के रूप में संभाल रही हैं । ज्योति ने बताया कि पुलिस की नौकरी एक जिम्मेदारी वाला जॉब है ,कई बार इसमें पारिवारिक जिम्मेदारियों को साथ लेकर भी निभाना पड़ता है खासकर जब बच्चे छोटे होते हैं। मैंने भी अपने बच्चे को साथ में लेकर कई बार ड्यूटी की है ,मेरे पति भी पुलिस की नौकरी में है तब यह और भी ज्यादा कठिन हो जाता है लेकिन देशभक्ति और जन सेवा का जज्बा हमेशा कायम रहता है, शायद इसीलिए हम हर परिस्थिति से निपटने में सफल हो जाते हैं ।मेरा प्रयास यही रहता है कि कभी भी कोई भी गलत व्यक्ति कानून का फायदा ना उठा ले क्योंकि मैं ज्यादातर बच्चों और महिलाओं से संबंधित मामले देखती हूं ।कई बार तो सामने वाले की भाषा समझ कर ही समझ में आ जाता है कि उसकी बात में कितनी सच्चाई है ,ऐसे मामलों में हम पहले उसकी काउंसलिंग करते हैं ज्यादातर लोग काउंसलिंग के दौरान ही पकड़ में आ जाते हैं।फर्जी या सिर्फ किसी को परेशान करने की गरज से अगर रिपोर्ट दर्ज करने आ रहे होते हैं तो पीछे हट जाते हैं, लेकिन जो लोग वास्तव में ही सच्चे हैं उन्हें हम न्याय दिला कर रहते हैं और आगे भी हमारा यही प्रयास जारी रहेगा।

# भुल्लनपुरा तिराहे से अतिक्रमण हटाया गया

### बजरंगगढ़ बायपास पर भी कार्रवाई की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



शहर के व्यस्ततम बजरंगगढ़ बायपास और एबी रोड पर लगातार हो रहे जानलेवा हादसों के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह सख्ती के मूड में है। शनिवार को नगरपालिका, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने भुल्लनपुरा तिराहे पर भारी पुलिस बल के साथ पहुंचकर अतिक्रमण विरोधी बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। जेसीबी की मदद से दुकानों के बाहर बने स्थाई चबूतरे, टीनशेड और अवैध निर्माणों को जमींदोज कर दिया गया।

#### हादसों के बाद जागा प्रशासन

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों बजरंगगढ़ बायपास पर एक दर्दनाक हादसा हुआ था, जिसमें एक बालक का पैर ट्रक की चपेट में आने से बुरी तरह कुचल गया था।

इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों का आक्रोश चरम पर था और उन्होंने सडक़ जाम कर भारी वाहनों के प्रवेश व अतिक्रमण पर रोक लगाने की मांग की थी।

इसके अलावा एबी रोड पर भी एक अनियंत्रित ट्रक ने चार लोगों को रौंद दिया था, जिसमें एक युवक की जान चली गई थी। इन गंभीर घटनाओं के बाद कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार और नगर पालिका की टीम सक्रिय हुई है।

#### अस्थाई और स्थाई निर्माणों पर चली जेसीबी

शनिवार को हुई कार्रवाई के दौरान तहसीलदार गौरीशंकर बैरवा, नगर पालिका और पुलिस की टीम भुल्लनपुरा तिराहे पर पहुंची। यहाँ दुकानों के आगे फैलाए गए अस्थाई सामान को जब्त करने के साथ ही सडक़ की सीमा में आने वाले स्थाई निर्माणों को जेसीबी से ढहा दिया गया। तहसीलदार ने स्पष्ट किया कि बजरंगगढ़ बायपास पर जहाँ पूर्व में कार्रवाई रोकी गई थी, उसे भी निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा।

#### दोबारा सर्वे और सख्त कार्रवाई की तैयारी

नगर पालिका अधिकारियों के अनुसार, पहले चरण में केवल अस्थाई कब्जे हटाए गए थे, लेकिन अब स्थाई अतिक्रमणों को चिन्हित करने के लिए दोबारा विस्तृत सर्वे कराया जा रहा है। अधिकारियों ने दुकानदारों और मकान मालिकों से अपील की है कि वे स्वेच्छा से अपने चबूतरे और टीनशेड हटा लें, अन्यथा प्रशासन उन्हें बलपूर्वक हटाकर सडक़ की वास्तविक चौड़ाई बहाल करेगा। सडक़ सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन अब उन धर्मकांटों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर भी नजर रख रहा है, जिनकी वजह से बायपास पर जाम की स्थिति निर्मित होती है।

# बेरोजगारी से तंग डीजे संचालकों ने दी आत्महत्या की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

**व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेश अग्रवाल से लगाई न्याय की गुहार**

शहर के डीजे संचालकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और रोजी-रोटी के संकट को लेकर शनिवार को शास्त्री पार्क में एक बड़ी बैठक आयोजित की। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में एकत्रित हुए संचालकों ने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि लंबे समय से काम बंद होने के कारण उनके परिवारों के सामने भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है और वे आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहे हैं। मौके पर पहुंचे व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल के सामने संचालकों ने अपनी मांगें रखीं और प्रशासन से राहत दिलाने की अपील की। राजेश अग्रवाल ने डीजे संचालकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। संचालकों ने विश्वास दिलाया कि यदि उन्हें काम करने की अनुमति मिलती है, तो वे प्रशासन द्वारा जारी की गई सभी गाइडलाइन और नियमों का पूरी तरह पालन करेंगे। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया और इस वर्ग के आर्थिक संकट पर चिंता व्यक्त की। राजेश अग्रवाल ने भरोसा दिलाया कि वे इस विषय को उचित स्तर पर उठाएंगे ताकि नियमों के दायरे में रहकर संचालकों का व्यवसाय पुनः संचालित हो सके।

# जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में बच्चों के साथ मनाया होली उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय परिसर स्थित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र (DEIC) गुना में विशेष बच्चों के साथ हर्षोल्लास के साथ होली उत्सव मनाया गया।इस अवसर पर बच्चों को होली पर्व के महत्व एवं इसकी सांस्कृतिक परंपराओं के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों ने रंगों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए त्योहार का आनंद लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष बच्चों के सामाजिक एवं भावनात्मक विकास को प्रोत्साहित करना था।

जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक विनीता सोनी ने बच्चों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विशेष बच्चों के आत्मविश्वास और सामाजिक सहभागिता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में स्पेशल एजुकेटर प्रीति श्रीवास्तव, ऑडियोलॉजिस्ट दीपचंद सैनी, सामाजिक कार्यकर्ता दीपक दुबे एवं एएनएम वंदना गनौर सहित DEIC टीम उपस्थित रही। सभी ने बच्चों के साथ मिलकर उत्सव को आनंदमय बनाया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर नारी गौरव सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शारदा जागृति महिला समिति द्वारा नारी गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।समिति की संस्थापक सुनीता अग्रवाल ने बताया कि यह सम्मान उन महिलाओं को दिया गया है जिन्होंने न केवल घर की जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया, बल्कि घर से बाहर निकलकर स्वास्थ्य, शिक्षा और व्यवसाय के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करते हुए समाज सेवा में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी मेहनत, समर्पण और साहस समाज के लिए प्रेरणादायक है।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को सदैव पूजनीय माना गया है। आज की नारी घर की चारदीवारी से निकलकर नई ऊंचाइयों को छू रही है। चाहे चंद्रयान-3 की सफलता हो या फाइटर प्लेन में महिलाओं की भागीदारी, हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी क्षमता का परिचय दे रही हैं।कार्यक्रम में समिति की संस्थापक प्रीति मंगल, अध्यक्ष शोभा रघुवंशी, सचिव कुसुम शर्मा, उपाध्यक्ष मनाली कटारिया, कोषाध्यक्ष शालिनी धाकड़ और मीडिया प्रभारी काजल अवस्थी की उपस्थिति में इंदिरा अवस्थी, नीता तिवारी, सुषमा राजोरिया, काजल अवस्थी, राजश्री श्रीवास्तव, अभिलाषा शर्मा, ज्योति कौशिक, रानी तिवारी, नीलम बिंदल, ज्योति राठी, संतोष सोनी, सावित्री टेटवाल, राधा शर्मा, शशि मिश्रा और प्रीति शर्मा को श्रीफल, दुपट्टा और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

### मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने पत्रकार वार्ता में मध्य प्रदेश बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा

# मध्य प्रदेश का बजट युवाओं, किसानों, व्यापारियों और गरीबों के लिए कल्याणकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के बजट को प्रदेश के विकास की दिशा में ऐतिहासिक बताते हुए ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि यह बजट युवाओं, किसानों, व्यापारियों, गरीबों और मजदूरों के लिए कल्याणकारी है। उन्होंने यह बात गुना में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा विधानसभा में 4,38,317 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया गया है, जो अब तक का सबसे बड़ा बजट है और प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है। प्रति व्यक्ति आय में हुई वृद्धिमंत्री तोमर ने कहा कि पिछले दो वर्षों में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 1,41,000 रुपये से बढ़कर 1,69,000 रुपये हो गई है, जो लगभग 19.25 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। यह सरकार की प्रभावी आर्थिक नीतियों का परिणाम है।




#### किसान और ग्रामीण विकास पर विशेष फोकस

उन्होंने बताया कि बजट में किसानों के लिए 1 लाख सोलर पंप देने की योजना बनाई गई है। साथ ही प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख हेक्टेयर क्षेत्र का लक्ष्य रखा गया है तथा फसल बीमा योजना के लिए 1,300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।ग्रामीण क्षेत्रों में मजरे-टोले की सड़कों के निर्माण के लिए 21,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि रखी गई है।

#### महिलाओं व युवाओं के सशक्तीकरण पर जोर

मंत्री तोमर ने बताया कि लाड़ली बहना योजना के लिए 23,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि निर्धारित की गई है। कामकाजी महिलाओं के लिए 5,700 महिला हॉस्टल बनाने तथा उनकी सुरक्षा और पेंशन पर विशेष ध्यान दिया गया है। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 25,000 करोड़ रुपये के ऋण प्रावधान किए गए हैं तथा खेलों के विकास के लिए 815 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।

#### शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन में भी बढ़ोतरी

बजट में 294 नए विद्यालय खोलने की योजना है, वहीं स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए लगभग 23,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। शहरी परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 472 नई ई-बस सेवाएं शुरू की जाएंगी।

मंत्री तोमर ने कहा कि 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का पूंजीगत व्यय अधोसंरचना और विकास कार्यों को नई गति देगा। यह बजट 2047 तक विकसित मध्य प्रदेश के विजन को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

#### पत्रकार वार्ता में ये मौजूद रहे

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, विधायक पन्नालाल शाक्य, जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव, जिला महामंत्री रविंद्र रघुवंशी (टिल्लू) और चंद्र प्रकाश अहिरवार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री तोमर ने कहा कि बजट 2026-27 'GYAN-II' सिद्धांत पर आधारित है, जिसमें गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के साथ औद्योगिकीकरण एवं अधोसंरचना के विकास को भी प्राथमिकता दी गई है।

# महिला जागरूकता कार्यशाला व सम्मान समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा गुना द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च रविवार को महिला जागरूकता कार्यशाला एवं महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम शाम 4 बजे स्थानीय रेडक्रॉस भवन में आयोजित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. किशन यादव करेंगे, जो तात्या टोपे यूनिवर्सिटी के कुलगुरु हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किशोर कुमार कन्याल रहेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिले के संघ चालक गिर्राज अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। आयोजन में जिले की समाजसेवी महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, चिकित्सकों, आशा कार्यकर्ताओं तथा सफाई कर्मी महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा।भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी गुना की प्रबंध समिति ने जिले के नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर महिला सशक्तीकरण के इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

**होली समाचार**

## चाचौड़ा में बनेगा 'नगर वन'



एसडीएम चाचौड़ा ने किया वनमण्डलाधिकारी गुना को पत्राचार

**चांचौड़ा।** रवि मालवीय, एसडीएम चाचौड़ा द्वारा नगरीय क्षेत्र चाचौड़ा के विकास को दृष्टिगत रखते हुए वन मण्डलाधिकारी, सामान्य वन मण्डल गुना को नगर वन विकसित करने हेतु पत्राचार किया जिसमें बाघ-बागेश्वर मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने ऊमरथाना रोड पर वन भूमि होकर रिक्त अवस्था में हैं तथा उसके समीपस्थ ही तालाब भी है। शहरी क्षेत्र चाचौड़ा के समीप देवस्थाान, पुरातत्व विभाग का चाचौड़ा किला एवं तालाब होने से इस क्षेत्र के सौंदर्यीकरण, हरियाली बढ़ाकर वायु प्रदुषण कम करने, जैव विविधता को बढ़ावा देने तथा नागरिकों को स्वच्छ पर्यावरण प्रदान करने के लिए नगर वन विकसित किये जाने की अति आवश्यकता दर्शाई गई है। उल्लेखनीय है कि नगरीय क्षेत्र चाचौड़ा-बीनागंज के समीपस्थ कोई नगर वन विकसित नहीं है। वन नागरिकों का वनों के प्रति जुड़ाव (वन नागरिकता) उनके पर्यावरण, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक अस्मिता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह संबंध जैव विविधता संरक्षण, जलवायु परिवर्तन को कम करने और सतत विकास के लिए अनिवार्य है। नगरवासियों में उक्त नगर वन विकसित करने की पहल पर हर्षोल्लास छाया हुआ है तथा उनके द्वारा इस कार्यवाही की सराहना कर आभार व्यक्त किया गया है।

## डीएनटी समुदाय की 30 महिलाओं को मिला सिलाई प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र व टूल किट



**चाचौड़ा।** जिले के ग्राम बरखेड़ी माफी में डीएनटी समुदाय की स्वयं सहायता समूह की 30 महिलाओं को सिलाई कौशल प्रशिक्षण पूर्ण करने पर प्रमाण पत्र एवं टूल किट प्रदान की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर स्वरोजगार से जोड़ना है।समारोह के दौरान प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली सभी महिलाओं को प्रमाण पत्र एवं सिलाई की टूल किट वितरित की गई तथा भोजन भी कराया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि कौशल विकास प्रशिक्षण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रशिक्षण प्राप्त महिलाएं अब स्वयं का सिलाई कार्य प्रारंभ कर सकती हैं तथा अन्य स्थानों पर भी रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकती हैं, जिससे उनके परिवार की आय में वृद्धि होगी।इस अवसर पर कार्ड संस्था से कपिल दुबे (स्किल सेल – भोपाल) एवं अंकिता शर्मा (फील्ड कोऑर्डिनेटर), ग्राम पंचायत के सरपंच, पंचगण, प्रशिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# एचपीवी टीकाकरण से गर्भग्रीवा कैंसर की प्रभावी रोकथाम पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा







कन्या शाला हायर सेकेंडरी स्कूल चाचौड़ा में गर्भग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर की रोकथाम एवं जागरूकता को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार तथा एसडीएम रवि मालवीय एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में आयोजित हुआ, जिसमें स्कूली छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम में बताया गया कि गर्भग्रीवा कैंसर महिलाओं में होने वाली एक अत्यंत गंभीर बीमारी है।

एसडीएम रवि मालवीय ने कहा कि विश्व स्तर पर प्रतिवर्ष लगभग 3.5 लाख महिलाओं की मृत्यु इस बीमारी के कारण होती है, वहीं भारत में वर्ष 2022 के सर्वेक्षण के अनुसार करीब 1.25 लाख महिलाओं की मृत्यु हर साल गर्भग्रीवा कैंसर से होती है।उन्होंने बताया कि यदि इस बीमारी का समय पर पता चल जाए तो शल्य चिकित्सा (ऑपरेशन) के माध्यम से इसका 100 प्रतिशत तक सफल उपचार संभव है। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि इसकी रोकथाम के लिए एचपीवी (HPV) वैक्सीन पिछले लगभग 20 वर्षों से उपलब्ध है और विश्व के 150 से अधिक देशों में यह टीका लगाया जा रहा है।पूर्व में यह टीका केवल सीमित एवं जागरूक वर्ग तक ही उपलब्ध था तथा निजी अस्पतालों में इसकी लागत लगभग 8 हजार रुपये तक थी। लेकिन 28 फरवरी 2026 से यह टीका सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे आमजन को इसका लाभ मिल सकेगा।कार्यशाला में बताया गया कि वर्तमान में यह टीकाकरण 14 से 15 वर्ष आयु की बालिकाओं को चयनित सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर किया जा रहा है। चूंकि यह टीका पिछले 20 वर्षों से उपयोग में है और इसके कोई गंभीर दुष्प्रभाव सामने नहीं आए हैं, इसलिए यह पूरी तरह सुरक्षित है।

स्वास्थ्य विभाग के हेमंत गोर ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को समय पर सर्वाइकल कैंसर रोधी (HPV) टीका अवश्य लगवाएं, ताकि भविष्य में इस घातक बीमारी से उन्हें सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने बताया कि मृग्वास, बीनागंज और कुंभराज के सरकारी अस्पतालों में भी यह टीका उपलब्ध है।

## प्रथम बार चंपावती किले पर पहुंचे विदेशी पर्यटक, पुरातत्व विभाग ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

चाचौड़ा स्थित ऐतिहासिक चंपावती किले पर पहली बार विदेशी पर्यटकों के आगमन पर पुरातत्व विभाग द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जर्मनी के निवासी जॉर्ज ग्राजन तथा ब्रिटेन के विल स्टार्क चंपावती किले की ऐतिहासिक धरोहर को देखने के लिए पहुंचे। इस अवसर पर पुरातत्व विभाग की ओर से लखन झावा ने दोनों विदेशी अतिथियों का हार-माला पहनाकर स्वागत किया और किले के इतिहास एवं महत्व की जानकारी दी। विदेशी पर्यटकों ने किले की ऐतिहासिक बनावट और सांस्कृतिक विरासत में विशेष रुचि दिखाई। पुरातत्व विभाग द्वारा निर्धारित नियम के अनुसार विदेशी पर्यटकों से 400 रुपये का टिकट शुल्क लिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि चंपावती किला ऐतिहासिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है। विदेशी पर्यटकों के आगमन से क्षेत्र के पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



## तीसरे जुमा की नमाज अताकर मांगी देश व प्रदेश में अमन-चैन, तरक्की और सलामती की दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶राघौगढ़

पाक महीने रमजान के तीसरे जुमा पर राधौगढ़ शहर सहित क्षेत्र की मस्जिदों में शुक्रवार को मुस्लिम अकीदतमंदों ने अकीदत के साथ तीसरे जुमा की नमाज अदा की। इस मौके पर अकीदतमंदों ने नमाज अदा कर देश व प्रदेश के लिए अमन-चैन, तरक्की, खुशहाली, सलामती व लोगों में आपसी भाईचारे की दुआ की।

राधौगढ़ शहर सहित क्षेत्र के एनएफएल पालिका बाजार की फातिमा मस्जिद में नमाज अदा कर के लिए अकीदतमंद व छोटे बच्चे पारंपरिक लिबास में तय समय पर पहुंचे। वहीं क्षेत्र की मस्जिदें अकीदतमंदों से खचाखच भरी रही। वहीं अकीदतमंदों व बच्चों में रमजान के तीसरे जुमा की नमाज पढ़ने को लेकर उत्साहित माहौल नजर आया। एनएफएल पालिका बाजार निवासी बिलाल मंसूरी ने बताया की माहे रमजान का दूसरा मगफिरत के अशरे का सिलसिला जारी है। रमजान का आधा माह गुजर गया है। माहे रमजान का शुक्रवार को 16वां रोजा मुकम्मल हुआ। मुस्लिम समुदाय में अकीदतमंद, औरतें व छोटे बच्चे रोजा, नमाज व कुरआन की तिलावत व खास इबादत कर मगफिरत की दुआएं कर रहे हैं। इन्होंने ने कहा की तीसरा अशरा कुछ दिन में शुरू होगा।

यह अशरा जहन्नुम की खुलासी का जरिया है। अकीदतमंद दूसरे अशरे में भी ज्यादा से ज्यादा इबादत में वक़्त गुजारें। एतकाफ अल्लाह के नजदीक होने का अमल है। एतकाफ करें। बंदा एतकाफ करने से अल्लाह के घर में रहकर गुनाहों से बचता है। माहे रमजान के तीसरे अशरे में शबे कद्र इबादत की रात आएगी। इन इबादतों की रातों में ज्यादा से ज्यादा इबादत करें।

# कन्या हायर सेकंडरी स्कूल चाचौड़ा में विधायक प्रियंका ने किया सरस्वती प्रतिमा का अनावरण





हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल चाचौड़ा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्थानीय विधायक प्रियंका पेची द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में छात्राओं के लिए पुरस्कार वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के शाल-साफा से स्वागत के साथ हुई। विधायक प्रियंका पेची ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता और प्रगति का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है।

उन्होंने छात्राओं से पढ़ाई में आगे बढ़कर अपने परिवार, समाज और क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

इस दौरान उन्होंने विद्यालय की छात्राओं से संवाद भी किया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मांग पत्र पर विधायक ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी मांगों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्री शुक्ला ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही जीवन में आगे बढ़ने के नए रास्ते खुलते हैं, इसलिए छात्राओं को लगन और मेहनत से अध्ययन करना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में आयोजित रंगोली, मेहंदी, दौड़ एवं कबड्डी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष ज्योति स्वरूप शर्मा, नंदकिशोर सैनी, सूरज पालीवाल, गौरव चौकसे, ओम बाली शर्मा, कुसुमलता कुशवाह सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विनायक चोपड़ा द्वारा किया गया।




## केंद्रीय मंत्री सिंधिया के प्रयासों से बीना-गुना के बीच चलेगी विशेष ट्रेन

**अशोकनगर।** अशोकनगर जिले के प्रसिद्ध करीला माता धाम में आयोजित होने वाले वार्षिक मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा स्थानीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से भारतीय रेलवे ने बीना से गुना के मध्य विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है।

श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और यात्रा के दौरान होने वाली असुविधाओं को देखते हुए केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर इस संबंध में विशेष अनुरोध किया था। जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे मंत्रालय ने त्वरित निर्णय लेते हुए 07 मार्च से 09 मार्च 2026 तक बीना-गुना के बीच मेला स्पेशल ट्रेन के संचालन को स्वीकृति प्रदान की है।

### तीन दिन तक संचालित होगी विशेष ट्रेन

रेलवे द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार यह विशेष ट्रेन बीना से गुना (अशोकनगर मार्ग होते हुए) संचालित की जाएगी। संचालन तिथियाँ 07 मार्च, 08 मार्च एवं 09 मार्च 2026 मार्ग बीना- अशोकनगर-गुना प्रस्थान समय बीना से दोपहर 1:00 बजे रहेगा। यह विशेष ट्रेन करीला मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यात्रा को अधिक सुगम और सुरक्षित बनाएगी।

### हर वर्ष लाखों श्रद्धालु आते हैं करीला माता धाम

अपने पत्र में केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने उल्लेख किया था कि करीला माता धाम में आयोजित होने वाले वार्षिक मेले में मध्य प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों से लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और आवागमन को सुगम बनाने के लिए विशेष ट्रेन का संचालन अत्यंत आवश्यक था।

## होली मिलन समारोह का अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महिला परिषद ने आयोजन किया

**अशोकनगर।** अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महिला परिषद द्वारा स्थानीय श्रीराम मंदिर, रघुवंशी धर्मशाला में होली मिलन समारोह का अत्यंत सौहार्दपूर्ण और गरिमामय आयोजन किया। समारोह में रघुवंशी समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक फाग गीत गाकर और हर्षोल्लास के साथ त्यौहार की खुशियां साझा कीं, जिससे पूरा वातावरण प्रेम, अपनत्व और सौहार्द के रंगों से सराबोर हो गया। समारोह में उपस्थित प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष सहित परिषद की पदाधिकारी एवं सभी बहनों ने मिलकर एक-दूसरे को गले लगाया और अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और एकजुटता बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस आत्मीय आयोजन में बड़ी संख्या में रघुवंशी समाज की मातृशक्ति उपस्थित रही।



## बोर्ड परीक्षाओं का समापन, अंतिम दिन सम्मिलित हुए 4692 परीक्षार्थी

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल की बोर्ड परीक्षाओं का शांतिपूर्ण तरीके से समापन हो गया है। जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं के अंतिम दिन शनिवार को हायर सैकेण्डरी कक्षा 12 के लिए आयोजित हिन्दी विषय की परीक्षा में 4 हजार 692 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। यह परीक्षा 30 सेंटरों पर आयोजित की गई थी, हिन्दी विषय की परीक्षा के लिए दर्ज 4 हजार 757 परीक्षार्थियों में से 4 हजार 692 परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा में भाग लिया गया। 63 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें।

## आनंदपुर ट्रस्ट धर्मार्थ चिकित्सालय सुखपुर में स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रेक्षा के आने से महिलाओं को मिला वरदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ईसागढ़



श्री आनंदपुर ट्रस्ट धर्मार्थ चिकित्सालय सुखपुर हॉस्पिटल अपनी सेवाएं लगातार दे रही हैं जिसकी रीढ़ की हड्डी बने कोठारी दंपति जिन्होंने कम ही समय में अपनी सहभागिता से यहां आने वाले मरीजों का दिल जीत लिया। इससे पहले सक्सेना दंपति का बहुत ही योगदान रहा है जिसमें डॉक्टर शरद सक्सेना सर्जन और बच्चों की डॉक्टर चारू सक्सेना जो कई वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं और हर मरीज की पसंद बने है।

इसी प्रकार डॉक्टर अभिषेक कोठारी जो अस्थि रोग विशेषज्ञ हैं उनके आने के बाद मरीजों में नई ऊर्जा उत्पन्न हुई है और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की कमी यहां दिखाई देती थी जिसको पूरा किया डॉक्टर प्रेक्षा कोठारी ने उनके आने से महिला रोगियों को जो वरदान मिला है वो बयान नहीं किया जा सकता है अधिकांश महिला रोगियों को स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के न होने से समय से इलाज नहीं मिल पाता था।

आज ऐसे ऐसे जटिल ऑपरेशन कर उन महिलाओं की जान बचाई और वो भी कम खर्चे में बड़ी बड़ी हॉस्पिटल में जहां 40 हजार रुपए में ऑपरेशन किया जाता है वही ऑपरेशन श्री आनंदपुर ट्रस्ट धर्मार्थ चिकित्सालय सुखपुर में 3 से 4 हजार रूपये में करके मरीजों को नई जिंदगी मिल रही है। डॉक्टर प्रेक्षा कोठारी ने पिछले 5 महीनों में यहां 40 से ज्यादा गर्भ थैली निकालने के ऑपरेशन कर चुकी हैं। स्त्री रोगों को लेकर महिला रोगियों को उनके आने से राहत मिली है।

### ऑनलाइन पंजीयन कराने की तिथि बढ़ी, अब 10 तक होगा पंजीयन

# समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए जिले के 12 हजार 314 किसानों ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶श्योपुर

समर्थन मूल्य पर गेंहू बेचने के लिए इन दिनों ऑनलाइन पंजीयन कराने के लिए किसानों को सर्वर संबंधी दिक्कतों के कारण परेशानी उठानी पड रही है। हालांकि पंजीयन कराने की अंतिम तारीख बढा दी गई है। पहले 7 मार्च पंजीयन की अंतिम तारीख निर्धारित थी,लेकिन अब शासन ने अंतिम तिथि 10 मार्च तक बढा दी गई है। लिहाजा अब जिले के किसान समर्थन मूल्य पर अपना गेंहू विक्रय करने के लिए 10 मार्च तक पंजीयन करा सकते है। सर्वर संबंधी दिक्कतो के कारण परेशान हो रहे किसानों ने इस दिक्कत को दूर किए जाने की मांग की है।

जिले में समर्थन मूल्य पर गेंहू विक्रय करने के लिए शासन के निर्देशों के बाद प्रशासन स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई है। फिलहाल गेंहू विक्रय करने के लिए ऑनलाइन पंजीयन किया जा रहा है। क्यांकि जिन किसानों का पंजीयन होगा,वहीं किसान समर्थन मूल्य पर अपने गेंहू को विक्रय कर पाएंगे। बताया गया है कि 7 मार्च तक जिले में 12 हजार 314 किसानों के द्वारा पंजीयन करा लिया गया है। चूंकि अब पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 10 मार्च कर दी गई है,इसलिए अब किसानों के पंजीयन की संख्या में बढने की उम्मीद है। बता दें कि पिछले साल समर्थन मूल्य पर अपना गेंहू विक्रय करने के लिए जिले के करीब 19 हजार किसानों के द्वारा पंजीयन कराया गया था।



### 23 से शुरू होगी खरीदी,40 रुपए मिलेगा बोनस

समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी शुरू करने के लिए शासन की ओर से कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है। बताया गया है कि श्योपुर जिले सहित चंबल संभाग, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के जिलों में गेंहू की खरीदी 23 मार्च से शुरू की जाएगी। जो 12 मई तक चलेगी। जबकि इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में गेहूं खरीदी 16 मार्च से शुरू होकर 5 मई तक चलेगी। इस बार गेंहू खरीदी पर सरकार की ओर से 40 रुपये अतिरिक्त बोनस दिए जाने का निर्णय लिया गया है। जिसके चलते अब प्रदेश में गेहूं की खरीदी 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी।

### सर्वर नहीं चल रहा, किसान परेशान हो रहे

भलेही शासन की ओर से समर्थन मूल्य पर गेंहू का विक्रय करने के लिए ऑनलाइन पंजीयन कराने की अंतिम तिथि बढा दी गई हो,लेकिन पंजीयन कराने के दौरान किसानों को आ रही परेशानियों में फिलहाल किसी तरह की कोई कमी नहीं आई है। जिसके चलते किसान सर्वर नहीं चलने के कारण पंजीयन को लेकर परेशान बने हुए है। किसानों का कहना है कि जब भी हम संस्था के निर्धारित पंजीयन केन्द्र पर पंजीयन कराने के लिए जाते है तो वहां अक्सर यही जबाव मिलता है कि अभी सर्वर नहीं चल रहा है। जिसकारण किसानों को केन्द्र पर सर्वर आने के इंतजार में घंटो तक इंतजार करना पड रहा है।कई बार स्थिति यह बन जाती है कि घंटो इंतजार करने के बाद भी सर्वर चालू नहीं हो पाता है,जिसके चलते पंजीयन नहीं हो पाते है।

### अधिकारियों को अवगत करा दिया...

गेंहू खरीदी के लिए आनलाइन पंजीयन की तारीख अब 7 मार्च से बढाकर 10 मार्च कर दी गई है। पंजीयन के दौरान सर्वर संबंधी दिक्कते भोपाल स्तर से आ रही है,जिसके संबंध में हमने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

**विजय शाक्य**
प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी,श्योपुर


## भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी 30 दिवसीय कंप्यूटर बुककीपर प्रशिक्षण कार्यक्रम समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

30 दिवसीय कंप्यूटर बुककीपर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन एवं प्रमाण-पत्र वितरण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम निदेशक राजाराम वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में एसबीआई-आरसेटी अशोकनगर में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। समापन एवं प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम निदेशक की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर आरसेटी अशोकनगर के संकाय सदस्य फैकल्टी जितेंद्र बिरथरे कार्यालय सहायक प्रवेश सुमन, जुलेखा बानो, अटेंडर अतुल दागी (कंप्यूटर मास्टर ट्रेनर) प्रेम सागर सिंह असिसमेंट के लिए आए हुए डीएसए आकाश यादव तथा समस्त प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु प्रेरित किया गया तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए शुभकामनाएँ दी गईं।



## खबर संक्षेप



### एकल वन यात्रा में बच्चों ने सुनाई प्रेरणा दायक कहानी और गीत

**अशोकनगर।** एकल अभियान द्वारा गांव गांव में पंचमुखी शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे जनजाति समाज के बच्चों को शिक्षा देने और सामाजिक समानता को बढ़ावा देने के लिए काम किया जाता है। जिसको लेकर एकल अभियान ट्रस्ट को 2017 के लिए गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। शनिवार को एकल अभियान अंचल गुना के संच अशोकनगर के विद्यालय ग्राम अमहाई में पी सेवन जागरण शिक्षा प्रभारी विकास जैन नखराली ने विद्यालय के साथ ग्राम का निरीक्षण किया और उन्होंने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए होली पर्व की शुभकामनाएं दी। बच्चों ने प्रेरणा दायक कहानी और राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत गीत सुनाकर सभी का मन मोह लिया। जिस पर अतिथियों ने विद्यालय के बच्चों को मिठाई एवं चाकलेट वितरण कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अशोकनगर संच अध्यक्ष हरिओम शर्मा, अंचल महिला सचिव रेनू जैन, संच प्रमुख मिट्ठन केवट, विद्यालय आचार्य सपना कुशवाह सहित बड़ी संख्या में विद्यालय के बच्चें उपस्थित रहे।

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार मोहल्ला निवासी सपना सेन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शेरू बानो पत्नि हनीफ खान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खड़ीचरा निवासी फैलीराम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दौजा अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खडीचरा निवासी संजय अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी वीरसिंह और जसवीर अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बुढावली निवासी देवीसिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भगवान सिंह,रचना लोधी, रमेश चन्द्र और राजाबेटी लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भरका निवासी अशोकबाई गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरपाल और सुरेन्द्र गुर्जर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।


### साइट के न चलने से किसान परेशान, नहीं करा पा रहे पंजीयन

**पिपरई।** क्षेत्र में इन दिनों किसानों को पंजीयन कराने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी पोर्टल की साइट बार-बार बंद रहने या सही तरीके से न चलने के कारण किसान अपना पंजीयन नहीं करा पा रहे हैं। इससे किसानों में चिंता और नाराजगी देखने को मिल रही है। दिलीप धाकड़, कृष्ण कुमार धाकड़, वीरन सिंह विश्वकर्मा और कई किसानों ने बताया कि कई हम सुबह से ही पंजीयन केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, लेकिन साइट न चलने के कारण उनका काम नहीं हो पा रहा है। घंटों इंतजार करने के बाद भी पंजीयन प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही, जिससे किसानों को बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।
किसानों का कहना है कि पंजीयन की अंतिम तिथि नजदीक है, ऐसे में यदि समय पर साइट नहीं चली तो कई किसान पंजीयन से वंचित रह सकते हैं। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि साइट की तकनीकी समस्या जल्द ठीक कराई जाए, ताकि सभी किसान आसानी से अपना पंजीयन करा सकें। गांव के रकबा नहीं खुल रहे जिससे हम लोग पंजीयन नहीं कर पा रहे हैं। ग्राम खोकसी के किसान हरजीत सिंह ढिल्लों रणजीत सिंह ढिल्लों कृपाराम यादव नवाब खान के गांव का रकबा नहीं खुल रहा पंजीयन करवाते हैं तो ओटीपी आ जाती है लेकिन खसरा नंबर नहीं खुल रहे हैं जिस से हम पंजीयन नहीं कर पा रहे और तारीख नजदीक आ रही है यह सब कब तक चलेगा।

## रंगपंचमी पर आयोजित होने वाले मेले की शुरूआत, नृत्यांगनाओं का राई नृत्य होगा आयोजित

वाद्ययंत्रों की गूंज और घुंघरूओं से वियावान जंगल होगा झंकृत

# करीला सजधज कर तैयार, लाखों श्रद्धालु जानकी माता के दरबार में मांगेंगे मन्नत









**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

जानकी माता के जीवन की गाथाओ से जुडी करीला की पहाडी रंगपंचमी पर आयोजित होने वाले मेले को लेकर लाखो श्रृद्वालुओं की आस्था का केंन्द्र बनी है। यहा आने वाले श्रृदालु सैकेडो,हजारो नही लाखो मे शामिल होगे। मन मे तमाम तरह की भावनाएं दरबार की महिमा को लेकर यहा की रज अपने माथे पर लगाएगें। एक ओर जानकी माता के दरबार मे श्रृदालु पहुचेगें तो दूसरी ओर मेला स्थल पर नृत्यांगनाए भी यहा की लोक परंपरा के अनुसार बधाई नृत्य करते हुए नजर आएगी। करीला का वियावान जंगल इस मेले मे वाद्ययंत्रो की गूंज और घुंघरूओं की झंकार से झंकृत हो उठेगा।

वैसे तो करीला का मेला रंगपंचमी का ही मेला है। लेकिन यहा आने वाली भीड को बांटने के लिए इसे तीन दिवसीय मेले का रूप दिया गया है। यह मेला यहां कब से आयोजित होता है कोई इसके प्रमाण नही है। बस मेले का स्वरूप पहले पंचायत स्तर का था और अब जिला स्तर का हो गया है। एक दिन मे 20 लाख लोगो का आना और फिर जाना देश मे ऐसा मेला कही देखने को नहीं मिलता। यह मेला अपने आप मे अद्भुत है। इतने श्रृदालु यहा मईया के दर्शन के लिए मईया के भरोसे आते है और मईया की कृपा से वापिस लौट जाते है। तीन दिवसीय मेले के पहले दिन ऐसा ही दृश्य देखा गया। जब श्रृदालु करीला मे जानकी माता के दरबार मे पहुचना शुरू हुए।

करीला मे लगने वाला ऐसा मेला कही और देखने नही मिलता। इसके भी प्रमाण नही मिलते कि यहा महर्षि बाल्मीक का आश्रम था। लेकिन जनश्रुति के अनुसार ऐसा कहा जाता है कि यह वही स्थान है जहा महर्षि बाल्मीक का आश्रम था और यही लव कुश का जन्म हुआ था और जानकी जी ने अपने जीवन का शेष समय व्यतीत किया था। करीला मेले की व्यवस्थाए मुगावली जनपद द्वारा की जाती है। करीला मेले को लेकर एक ट्रस्ट भी है लेकिन जितनी बडी संख्या मे श्रृदालु आते है उसकी गणना कर पाना भी मुश्किल है। मेले के दौरान श्रृदालुओ को रैलिंग बनाकर दर्शन कराने की व्यवस्था है। लगभग 1 मिनिट मे 75 से 100 श्रृदालु दर्शन करते है। जिसे प्रति घंटे के रूप मे जोडा जाता है और 24 घंटे श्रृदालुओ के दर्शन का सिलसिला जारी रहता है।

इसी मेले का दूसरा स्वरूप नृत्यांगनाओ को लेकर है जो लवकुश के जन्म की कथा से जुडा है माना जाता है कि लवकुश के जन्म पर अप्सराओ ने आकाश मार्ग से आकर बधाई नृत्य किया था। उसी परंपरा का निर्वाह करते हुए श्रृदालु बधाई नृत्य के लिए पहुचते है। लेकिन यहा अब बह लोक नृत्य राई जिसमे टिमकी,नगडिया की ध्वनि सुनाई देती थी। अब उसके स्थान पर नगाडे और डपले लेकर नृत्यांगनाए पहुचने लगी है। लोक नृत्य राई के दर्शन यहा कम होते है। जो कभी मसालो की रोशनी मे हुआ करता था। लोक नृत्य हमारी लोक संस्कृति की पहचान है। लोक संस्कृति हमारी परंपराओ से जुडी हैं यहा राई लोकनृत्य को करीला की पहचना बनाने की जरूरत है। प्रशासन को इस दिशा मे भी काम करना चाहिए ताकि साफ सुथरे और स्वच्छ वातावरण मे यहा लोकनृत्य राई के दर्शन हो सके।

**सुरक्षा के लिए कई जिलों की पुलिस पहुंची:** करीला मेले मे लाखो श्रृदालुओ आगमन को देखते हुए। जिले के 1700 पुलिस कर्मचारियो को लगाया गया है। कई टीआई ,एसआई और डीएसपी रेंक के अधिकारी भी होगे। करीला मेले मे भिंड ,मुरैना,पीटीआई तिघरा,शिवपुरी, गुना से भी पुलिस बल बुलाया गया है।

### मुख्यमंत्री के करीला मेले में आगमन को लेकर तैयारी

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अशोकनगर जिले के करीला में आयोजित होने वाले मेले में शामिल होने की तैयारियां पूरी हो गई हैं। हालांकि अभी विधिवत कार्यक्रम जारी नहीं हुआ हे लेकिन हेलीपेड का निर्माण किया गया है। रंगपंचमी के साथ करीला मेला और महिला दिवस होने के कारण मुख्यमंत्री यहां महिला दिवस पर भी अपना संबोधन प्रदान करेगें। गत वर्ष भी मुख्यमंत्री मोहन सिंह यादव करीला धाम पहुंचे थे और जानकी माता के दर्शन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया था।

### प्रभारी मंत्री का करीला मेले में आगमन

मध्यप्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग और जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला करीला मेले में शामिल होगें उनका अधिकृत कार्यक्रम जारी हो गया है वह दोपहर 8 मार्च को भोपाल से रवाना होगें और 1 बजे करीला धाम पहुंचेगें, जहां मुख्यमंत्री के साथ कार्यक्रम में भाग लेगें।

### पुलिस महानिरीक्षक करीला पहुंचे

ग्वालियर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अरबिंद सक्सेना करीला मेले को लेकर मेले की शुरूआत के पहले ही दिन करीला पहुंच गए हैं उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वह पूरे दो दिन करीला में ही रहेगें।

### कलेक्टर, एसपी पहली बार मेले की जिम्मेदारी संभालेंगे

जिले में रंग पंचमी पर एक वर्ष में आयोजित होने वाले इस मेले को लेकर यहां के कलेक्टर साकेत मालवीय और एसपी राजीव कुमार मिश्रा का नया अनुभव होगा। उनके कार्यकाल में उन्हें यह पहला मेला आयोजित कराने का मौका मिल रहा है जबकि यहां के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कवर के कार्यकाल का यह तीसरी मेला है।

## एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान के पहले ही दिन 100 किशोरियों को टीका लगाया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**




जिले में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए चल रहे एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान के अंतर्गत आज जिला अस्पताल सहित पूरे जिले में उत्साह के साथ टीकाकरण किया गया। पहले दिन जिले में कुल 100 किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। यह अभियान सीएमएचओ डॉ. अलका द्विवेदी के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है। वहीं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जयकृत सिंह राजपूत द्वारा पूरे जिले में अधिक से अधिक किशोरी बालिकाओं तक वैक्सीन पहुंचाने के लिए विस्तृत योजना बनाई गई।

डॉ. राजपूत ने जिले के चारों ब्लॉकों के बीएमओ, बीपीएम, बीसीएम तथा जमीनी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (आशा) के साथ वीसी (वीडियो कॉन्फ्रेंस) के माध्यम से चर्चा कर सभी सीएचओ और एएनएम को अपने-अपने क्षेत्रों की पात्र किशोरी बालिकाओं को सरकारी अस्पताल तक लाने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक बालिकाएं इस जीवनरक्षक वैक्सीन का लाभ ले सकें।

इस दौरान टीकाकरण में जिला अस्पताल अशोकनगर में 36, सीएचसी शाढौरा में 29, ईसागढ़ में 19, मुंगावली में 11, चंदेरी में 5, कुल मिलाकर 100 किशोरी बालिकाओं को वैक्सीन लगाई गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया कि 8 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भी जिले में विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस दिन जिले की सभी सेशन साइट्स पर एचपीवी टीकाकरण किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सुरक्षा कवच मिल सके। कार्यक्रम के दौरान जिला टीकाकरण टीम के पंकज शर्मा, वीसीसीएम प्रियंका सोनी, त्व्कड, तथा एमसीएच विंग की सीनियर एएनएम हेमवती शर्मा, सोना कुशवाह, प्रीति शर्मा, रश्मि नामदेव, ममता यादव और अवधेश यादव सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा और अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वह अपनी बेटियों को इस महत्वपूर्ण टीकाकरण अभियान से जोड़कर उन्हें सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित बनाएं।

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने की मंत्री गडकरी को पत्र लिखकर मांग

# मध्य भारत विकास पथ नागपुर-भोपाल-ग्वालियर ग्रीन कॉरिडोर से अशोकनगर, चंदेरी, मुंगावली जोड़ा जाए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

मध्यप्रदेश में अधोसंरचना और औद्योगिक विकास को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने संसदीय क्षेत्र के प्रमुख शहरों को प्रस्तावित 'मध्य भारत विकास पथ' से जोड़ने का अनुरोध किया है।

इस संबंध में उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि पिछोर, चंदेरी, मुंगावली, अशोकनगर और गुना जैसे महत्वपूर्ण शहरों को प्रस्तावित मध्य भारत विकास पथ (नागपुर-भोपाल-ग्वालियर ग्रीन कॉरिडोर) से सीधे जोड़ा जाए। 7 मार्च के अंक में हरिभूमि ने पक्ष और विपक्ष द्वारा संयुक्त रूप से की गई मांग को लेकर एक विस्तृत खबर इस कोरिडोर को अशोकनगर से जोड़ने की मांग को लेकर प्रकाशित की थी।




अशोकनगर को सिक्स लेन ग्रीनफील्ड हाईवे से जोड़ने के लिए विधायक ने लिखे पत्र

**क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मिलेगी नई गति** सिंधिया ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि वर्तमान में अशोकनगर, मुंगावली और चंदेरी जैसे प्रमुख शहर सीधे किसी राष्ट्रीय राजमार्ग से नहीं जुड़े हैं। इन शहरों को एक्सप्रेस-वे नेटवर्क से जोड़ने से न केवल यातायात सुविधाएं बेहतर होंगी, बल्कि क्षेत्र में निवेश, उद्योग और रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न होंगे। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क संपर्क से ग्वालियर-चंबल संभाग तथा आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और यह पूरा क्षेत्र विकास के नए मार्ग पर आगे बढ़ेगा।

**मध्य भारत विकास पथ क्षेत्रीय प्रगति का नया मार्ग** प्रस्तावित मध्य भारत विकास पथ वर्तमान में प्रारंभिक सर्वेक्षण के चरण में है, जिसके आगामी चार से पाँच महीनों में पूरा होने की संभावना है। इस सर्वे में चंदेरी, अशोकनगर और मुंगावली को इस कॉरिडोर से जोड़ने की संभावनाओं पर भी विचार किया जा रहा है। लगभग 746 किलोमीटर लंबा यह कॉरिडोर मुरैना से प्रारंभ होकर ग्वालियर-चंबल क्षेत्र और आगे नागपुर तक जाएगा। इसके माध्यम से न केवल प्रमुख शहरों के बीच आवागमन सुगम होगा, बल्कि चंदेरी और ओरछा जैसे महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों को भी बेहतर कनेक्टिविटी प्राप्त होगी। साथ ही यह मार्ग नागपुर से हैदराबाद तक की संपर्क व्यवस्था को भी मजबूत बनाएगा।

### गुना-अशोकनगर-चंदेरी मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने इसके साथ ही 114.70 किलोमीटर लंबे गुना-अशोकनगर-चंदेरी (एसएच 54) मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने के लिए भी प्रभावी पैरवी की है। यह मार्ग एनएच-46, एनएच 346 और एनएच 44 को आपस में जोड़ते हुए क्षेत्रीय सड़क नेटवर्क को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

### करीला मेला पर मुंगावली के रेलवे क्रॉसिंग 17 नंबर पर बड़े ट्राफिक जाम होने की आशंका

**मुंगावली।** रंगपंचमी पर करीला में लगने वाले मेले को लेकर इस बार भी लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। ऐतिहासिक भीड भाड़ वाले मेले में 17 नंबर गेट पर बन रहे रेलवे फाटक पर बड़े जाम लगने की आशंका है। ब्रिज बना रही कम्पनी ने कोई भी तैयारी नही की है। दोनों तरफ बन रहे ब्रिज के पास सिर्फ एक ही रास्ता वाहनों को निकलने का है जिसमे आये दिन जाम लगा रहता है जबकि उत्तरप्रदेश ओर शिवपुरी दतिया टीकमगढ़ छतरपुर तरफ से सारे वाहनों से भर भर कर तीर्थ यात्री चन्देरी के रास्ते मुंगावली होकर करीला दर्शन करने जाते हैं। ब्रिज बना रही कम्पनी ओर प्रशासन द्वारा यहां पर कोई भी व्यवस्था नही की गई। जबकि मेला शुरू हो गया है। रेलवे क्रॉसिंग गेट नंबर 17 पर मुंगावली तरफ एक रास्ते को ही चालू किया गया है उसमें भी बड़े बड़े गड्ढे से होकर वाहन निलकते है।



### शिक्षकों को टीएटी अनिवार्य करना असंगत, अन्याय और उनके सेवाधिकारों का उल्लंघन

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश राज्य शिक्षक उत्थान संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह रघुवंशी ने शिक्षकों को टीएटी अनिवार्य करना उनके साथ असंगत, अन्याय और उनके सेवाधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि 01 सितम्बर 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने एक निर्णय दिया था जिसमें सभी शिक्षकों को टीएटी करने की अनिवार्यता की बात कही है। इस निर्णय से देश भर के लगभग आधा करोड़ और मध्यप्रदेश के लाखों कक्षा 01 से 08 तक के सेवारत शिक्षकों की नौकरी ख़तरे में आ गई है। चूंकि यह सेवारत शिक्षक दो, तीन, चार दशक पूर्व ही मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शिक्षक पद की निर्धारित चयन प्रक्रिया पूर्ण कर शिक्षक पद पर नियुक्त हुए थे। उस समय न तो आरटीए था और न ही टीएटी था। इन समस्त शिक्षकों के नियुक्ति पत्र में भी भविष्य में टीएटी परीक्षा उत्तीर्ण करने की कोई शर्त भी नहीं लिखी थी। अतः उनको टीएटी अनिवार्य करना उनके साथ असंगत, अन्याय और उनके सेवाधिकारों का उल्लंघन है। मध्यप्रदेश के लाखों शिक्षकों की नौकरी और परिवारों को बचाना आपका दायित्व है। सुप्रीम कोर्ट के उपरोक्त निर्णय को चुनौती देते हुए उत्तरप्रदेश सहित देश के अधिकांश राज्यों ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर कर दी हैं किन्तु मध्यप्रदेश सरकार द्वारा उपरोक्त प्रकरण में पुनर्विचार याचिका दायर करने का कोई समाचार हमें अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। कृपया इस प्रकरण में अविलंब सुप्रीम कोर्ट में मध्यप्रदेश सरकार की ओर से पुनर्विचार याचिका दायर करने की कृपा करें। विधान सभा में शिक्षकों की सेवा बगैर टीएटी के ही बरकरार रखने हेतु का विधेयक भी लाया जा सकता है। साथ ही केन्द्र सरकार से आरटीए 2009 की धारा 23 (2) को विलोपित करने हेतु भी प्रदेश सरकार की ओर से प्रभावी रूप में कहा जा सकता है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कई कार्यक्रम किए गए आयोजित, अधिकारों को लेकर दी जागरुकता

# महिलाओं को दिलाई गई बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की शपथ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ़**




अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन, अशोकनगर द्वारा ग्राम पंचायत कदवाया के पंचायत भवन में महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं किसान मोर्चा के वरिष्ठ नेता मनोज शर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत उपस्थित महिलाओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई तथा सभी को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महिलाओं को समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका, अधिकारों एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि मनोज शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण से ही समाज और देश का समग्र विकास संभव है। उन्होंने बाल विवाह जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के लिए समाज के सभी वर्गों से आगे आने की अपील की और कहा कि महिलाओं को शिक्षा, सम्मान और समान अवसर मिलना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक रेशमा शाह, जिला समन्वयक विपिन रघुवंशी सहित 50 से अधिक महिलाओं की सहभागिता रही।

कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को जागरूक करते हुए बाल विवाह रोकने और बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में जागरूकता बढ़ाना तथा बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने के लिए समाज को प्रेरित करना रहा।

### रघुवंशी क्षत्रिय महिला परिषद ने श्रमशील महिलाओं का किया सम्मान

**अशोकनगर।** अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महिला परिषद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन बड़े ही अनोखे, भावनात्मक और प्रेरणादायक तरीके से किया गया। इस अवसर पर परिषद की महिलाओं ने समाज में उन महिलाओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की, जो घरों में कार्य कर परिवारों का महत्वपूर्ण सहयोग करती हैं।



कार्यक्रम के दौरान घरों में कार्य करने वाली, साफ-सफाई करने वाली तथा सिलाई जैसे कार्यों से परिवारों की मदद करने वाली महिलाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। परिषद की महिलाओं ने उनका तिलक लगाकर, पुष्पहार पहनाकर आत्मीय स्वागत किया तथा उन्हें कपड़े और मिठाई भेंट कर उनके प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने कहा कि ये श्रमशील महिलाएँ वास्तव में समाज की मजबूत नींव हैं। इनके सहयोग से ही अनेक महिलाएँ अपने परिवार की जिम्मेदारियों के साथ-साथ सरकारी नौकरी और सामाजिक कार्यों में सक्रिय रह पा रही हैं। उनके योगदान को सम्मानित करना ही सच्चे अर्थों में महिला सशक्तिकरण है। कार्यक्रम में परिषद की प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी सहित समाज की कई महिलाएँ उपस्थित रहीं। सभी ने मिलकर इन महिलाओं के सम्मान में कृतज्ञता व्यक्त की और उनके कार्यों की सराहना की। यह आयोजन अशोकनगर स्थित श्रीराम मंदिर, रघुवंशी धर्मशाला में संपन्न हुआ।

### निर्माण कार्यों में किसी तरह की कोताही न बरतने के दिए निर्देश

# राजगढ़ स्टेडियम खेल विभाग को हस्तांतरित करने सांसद ने दिया सुझाव

*जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा व निर्णय*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की समीक्षा बैठक शनिवार को कलेक्टोरेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। इस बैठक में क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर ने मुख्यालय स्थित स्टेडियम के समुचित विकास पर भी जोर देते हुए सुझाव दिया कि स्टेडियम को खेल विभाग को हस्तांतरित किया जाए, ताकि वहां खेल गतिविधियों का विस्तार हो सके। इसके साथ ही खिलाड़ियों के लिए बेहतर खेल सुविधाएं विकसित की जा सकें।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में राजगढ़ स्टेडियम नगर पालिका के स्वामित्व में आता है। यद्यपि स्टेडियम परिसर, उसकी समस्त दुकानों के किराए, खेल ग्राउण्ड के विकास के लिए अलग से एक समिति है जिसके अध्यक्ष राजगढ़ जिलाधीश हैं। पर अगर सांसद के सुझाव पर अमल कर लिया जाएगा तो स्टेडियम के मैदान का समुचित विकास हो पाएगा क्योंकि खेल विभाग के पास इस हेतु अलग से बजट का प्रावधान शासन द्वारा सुनिश्चित किया जाता है।

#### मेडिकल कॉलेज सहित अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा

बैठक में मुख्यालय पर निर्माणाधीन मेडीकल कॉलेज के निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों में गति लाते हुए समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। लोक निर्माण विभाग द्वारा संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उनकी गुणवत्ता एवं प्रगति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिले में निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज एवं छात्रावास के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में सांसद नागर ने कहा कि पीएचई एवं जल निगम के कार्यों की नियमित निगरानी आवश्यक है ताकि जल जीवन मिशन के उद्धेश्यों की प्रभावी पूर्ति हो सके। राष्ट्रीय जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित हर घर जल अभियान की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गई ताकि प्रत्येक घर तक सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

#### प्रधानमंत्री राहत योजना की हुई सराहना

इसके साथ ही प्रधानमंत्री राहत योजना की भी समीक्षा की गई। जनप्रतिनिधियों ने इस योजना की सराहना करते हुए बताया कि इसके अंतर्गत पंजीकृत अस्पतालों में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को 1 लाख 50 हजार रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिल रही है। बैठक में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल, विधायक खिलचीपुर हजारीलाल दांगी, विधायक नरसिंहगढ़ मोहन शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले तथा विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद रहे।

### हिंदू उत्सव समिति ने की व्यापक तैयारियां

# राजगढ़ के राजमहल में आज शाही अंदाज में मनेगा रंगपंचमी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



रंगों एवं उल्लास का रंग-पंचमी पर्व आज पूरे जिले में विभिन्न आयोजनों के साथ मनाया जाएगा। इस पर्व को भव्यतम एवं ऐतिहासिक बनाने राजगढ़ हिंदू उत्सव समिति ने बड़े स्तर पर तैयारियां की हैं।

इस आयोजन हेतु समिति द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा से 30 से अधिक कलाकारों का एक ग्रुप आमंत्रित किया है जो स्थानीय राजमहल परिसर में शाही अंदाज में भारतीय परंपरा और लोक-नृत्यों से आयोजन को कुछ खास बनाने वाले हैं। इसके साथ ही मथुरा की तर्ज पर संयमित और मर्यादित रूप से लट्ठ-मार होली भी खेली जाएगी। सुबह करीब 11 बजे से यह आयोजन आरंभ होगा। राजमहल परिसर में महिलाओं, बालिकाओं, किशोरियों हेतु हिंदू उत्सव समिति ने अच्छी व्यवस्था की है। सुरक्षा के लिहाज से व्यापक स्तर पर पुलिस बल की तैनाती भी रहेगी।

#### गार्ड ऑफ ऑनर के बाद निकलेगी हुरियारों की गैर

उक्त रंगारंग कार्यक्रम उपरांत राजगढ़ की परंपरानुसार गांधी चौक के समीप स्तिथ भगवान लक्ष्मीकांत जी को पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देने के उपरांत गैर जुलूस आरंभ होगा जो नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ निकलेगा। हिंदू उत्सव समिति के साथ ही नगर पालिका द्वारा भी सभी तरह की व्यवस्थाएं आयोजन हेतु की जा रही हैं।


#### पुलिस की अपील

जिला पुलिस ने सभी नागरिकों, युवाओं से अपील की है की रंग-पंचमी को उल्लास के साथ मनाएं। जो भी कानून का उलग्घन करेगा उस पर कानून के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

## मेडतवाल समाज की वार्षिक बैठक आयोजित

**जीरापुर**। मेडतवाल समाज की वार्षिक बैठक समाज की धर्मशाला में आयोजित हुई। जहां सर्वप्रथम मां फलोदी एवं हनुमानजी महाराज की पूजा अर्चना एवं मंत्रोच्चारण दिनेश जमींदार , योगेश गुप्ता ने किया। तत्पश्चात समाज के समस्त महिला पुरुष युवा वर्ग की बड़ी संख्या में उपस्थित के साथ बैठक कि कार्यवाही प्रारंभ की गई। जिसमें समाजजनों ने अपने अपने विचार एवं सुझाव दिए धर्मशाला में मैनेजर हेतु पुनः दिनेश गुप्ता रावली को समाज की शर्तों के मुताबिक नियुक्त किया गया। समाज अध्यक्ष रामेश्वर टांक ने धर्मशाला के समीप खरीदी गई जमीन एवं बड़े हाल के ऊपर तीन शेड़ लगाने संबंधी जानकारी प्रस्तुत की। समाज के वरिष्ठ ठाकुर मोहनसिंह जमींदार, रामेश्वर टांक सहित अन्य सदस्यों जिनमें रामप्रसाद बैरिस्टर, दिनेश जमींदार , जगदीश गुप्ता दांईखेड़ी, राजेश गुप्ता नाना, संजय गुप्ता, शेलेन्द्र जमींदार (रामु), श्याम मेडतवाल भण्ड़ावद, अनिल गुप्ता, संजय गुप्ता ने अपने अपने विचार सुझाव प्रस्तुत किए। जिसमें वार्षिक लेखा जोखा संजय गुप्ता ने प्रस्तुत कर पुरे वर्ष भर की आय व्यय सम्बंधित जानकारी दी। समस्त प्रस्तावों को बिंदुवार गोविंद बरोंज ने इंद्राज किये। इस अवसर पर नवयुवक संघ अध्यक्ष पद पर अनिल गुप्ता परोलिया को एवं महिला मण्डल अध्यक्ष पद पर पुनः कुसुम टांक को नियुक्त किया गया।

# पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री अहीर का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**सारंगपुर**। पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री एवं पूर्व अध्यक्ष केंद्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग हंसराज अहीर का गुरुवार को भाजपा नेता मनोज राठौर के निवास पर स्वागत किया गया। जानकारी के अनुसार अहीर नलखेड़ा से भोपाल जाते समय सारंगपुर पहुंचे, जहां भाजपा नेता दिनेश राठौर एवं मनोज राठौर के निवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र जाजू (इंदौर), माखनलाल राठौर, कैलाश सोलंकी, हर्ष राठौर सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान श्रीअहीर ने क्षेत्र की शांति एवं कानून व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों और विश्व में चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बीच भारत में शांति और स्थिरता बनी हुई है, जिसका प्रमुख कारण केंद्र सरकार की नीतियां और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सफल नेतृत्व है।

### कांग्रेस नेता सहित कई किसानों का 30 बीघा गेहूं खाक

# उदनखेड़ी में गेहूं की खड़ी फसल में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



ग्राम उदनखेड़ी में शनिवार दोपहर गेहूं की खड़ी फसल में अचानक आग लगने से किसानों को भारी नुकसान हुआ। आग की इस घटना में पूर्व जनपद अध्यक्ष और कांग्रेस नेता नंदलाल नागर सहित कई किसानों की करीब 30 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। आग लगने की घटना से गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और किसान अपनी फसल बचाने के लिए मौके पर दौड़ पड़े।

जानकारी के अनुसार उदनखेड़ी के सराली रोड स्थित खेतों में शनिवार करीब 12 बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलती चली गई और आसपास के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि किसानों को संभलने तक का मौका नहीं मिला और खड़ी फसल धू-धू कर जलने लगी।

इस आग में पूर्व जनपद अध्यक्ष और कांग्रेस नेता नंदलाल नागर के करीब 20 बीघा गेहूं की खड़ी फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। वहीं किसान लक्ष्मीनारायण नागर के करीब साढ़े चार बीघा खेत में लगी गेहूं की फसल भी आग की चपेट में आकर खाक हो गई। इसके अलावा आसपास के तीन-चार अन्य किसानों की फसल भी जलने की जानकारी सामने आई है। कुल मिलाकर लगभग 30 बीघा से अधिक क्षेत्र में लगी फसल आग में जलकर नष्ट हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सारंगपुर और पचोर से दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों और किसानों ने भी अपने ट्रैक्टरों में टैंकर लगाकर खेतों तक पानी पहुंचाया और आग बुझाने की कोशिश की। काफी देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक किसानों की बड़ी मात्रा में फसल जल चुकी थी। प्राथमिक तौर पर आग लगने का कारण खेतों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव और पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है, वहीं प्रभावित किसानों ने शासन से उचित मुआवजा देने की मांग की है।

# कमलेश को साहू समाज का नगर अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया



**ब्यावरा-राजगढ़**। साहू समाज की बैठक साहू धर्मशाला राजगढ़ में आयोजित की गई। बैठक साहू समाज के जिला अध्यक्ष रामनारायण साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। साहू समाज के नगर अध्यक्ष हेतु इंदरसिंह साहू ने कमलेश साहू के नाम का प्रस्ताव रखा। उपस्थित सभी समाजजनों ने एकमत से इसका समर्थन किया। साहू समाज के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि समाज के सक्रिय एवं लोकप्रिय सदस्य कमलेश साहू को सर्वसम्मति से साहू समाज का नगर अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित राजगढ़ का किया गया है। यह निर्णय समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सहमति से लिया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने कमलेश साहू को पुष्पमाला पहनाकर उनका स्वागत किया तथा उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। समाज के सभी सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में साहू समाज और अधिक संगठित, मजबूत एवं प्रगतिशील बनेगा तथा समाज के सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

### 10 मार्च से होगी सालाना उर्स की शुरुआत

# 112वें उर्स की तैयारियां तेज, आए कई तरह के झूले



**राजगढ़**। बाबा बदख्सानी की दरगाह पर इस वर्ष लगने जा रहे 112वें उर्स के लिए कमेटी द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस वृहद आयोजन हेतु जहां झूलों सहित मनोरंजन के अन्य साधनों की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है वहीं उर्स क्षेत्र में विभिन्न तरह के घरेलू सामानों की दुकानों का आना भी शुरू हो चुका है। वक्फ बोर्ड द्वारा उर्स के ठीक पहले किए गए कमेटी के बदलाव के बाद नई कमेटी के सदर इलिहास हाफिज सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा सभी तरह के इंतेजामात किए जा रहे हैं। आपको बतादें कि आगामी 10 मार्च को गुसल शरीफ की रस्म के साथ सालाना उर्स की शुरूआत होगी।

#### आमजनों की मांग कम हो झूलों का किराया

गत वर्ष उर्स में आए झूलों, सर्कस, मौत का कुआं, नाव सहित मनोरंजन के अन्य साधनों की बात करें तो प्रति व्यक्ति 50 रुपए किराया निर्धारित किया गया था। परिवार के साथ उर्स जाने वाले व्यक्तियों की जेब पर इतना अधिक किराया काफी भारी पड़ता है। ऐसे में इस बार के उर्स के लिए राजगढ़ के बच्चों सहित आमजनों ने नई कमेटी के पदाधिकारियों एवं प्रशासन से मांग रखी है कि झूलों का किराया 50 रुपए से कम रखा जाए ताकि मजदूर, गरीब सहित सभी वर्ग के लोग उनका लुत्फ उठा सकें।

#### 12 मार्च का स्थानीय अवकाश घोषित

उल्लेखनीय है कि इस सालाना उर्स में न केवल राजगढ़ बल्कि समीप के अन्य जिलों से भी हजारों की संख्या में जायरीन आया करते हैं। उर्स की लोकप्रियता के मद्धेनजर जिला कलेक्टर द्वारा पूर्व में ही संपूर्ण राजगढ़ जिले में 12 मार्च का स्थानीय अवकाश घोषित किया जा चुका है।

# बोर्ड परीक्षाएं: 55296 में से 14480 उत्तर-पुस्तिकाएं जांची

### स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय में चल रहा मूल्यांकन कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आहूत हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी की परीक्षाओं का शुक्रवार का निर्विघ्न समापन हो गया।

इन परीक्षाओं के लिए पूरे जिले में बनाए गए कुल 63 केंद्रों में से कहीं से भी नकल का कोई प्रकरण सामने नहीं आया है। उधर, इन्हीं परीक्षाओं से संबंधित उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय में सतत रूप से जारी है। चार चरणों में चल रहे उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु जिले को अभी तक कुल 55 हजार 296 उत्तर-पुस्तिकाएं प्राप्त हुई हैं जिनमें से 14 हजार 480 उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूर्ण हो चुका है। मूल्यांकन कार्य प्रभारी सह उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य महेश गुप्ता ने बताया कि अभी जिले में और भी उत्तर-पुस्तिकाएं मूल्यांकन हेतु आना शेष है। आगामी 11 मार्च और 22 मार्च को तृतीय एवं चतुर्थ चरण का मूल्यांकन कार्य आरंभ हुआ जिसके लिए कॉपियां जिले में आएंगी।




#### नोटिस के बाद तेज हुआ मूल्यांकन कार्य

विभाग द्वारा जिन शिक्षकों की ड्यूटी मूल्यांकन कार्य हेतु लगाई गई थी उनमें से कईयों ने शुरूआत में लापरवाही बरती और मूल्यांकन के लिए केंद्र पर ही नहीं पहुंचे। विभाग द्वारा दिए गए कारण बताओ सूचना-पत्रों के उपरान्त अब लगभग सभी मूल्यांकनकर्ता केंद्र पर पहुंच रहे हैं। गुप्ता ने उम्मीद जताई कि मंडल द्वारा निर्धारित समयावधि में उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

# कैंसर पीड़ितों की मदद के लिए बच्चों ने गुल्लक फोड़ी, जुटाए 31 हजार रुपए



**कुरावर**। कैंसर आज विश्व स्तर पर तेजी से फैलने वाली गंभीर बीमारियों में शामिल हो चुका है। हर वर्ष दुनिया भर में बड़ी संख्या में कैंसर के नए मामले सामने आते हैं और लाखों लोगों की मौत हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार कैंसर विश्व में मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण बन चुका है। वर्ष 2022 में लगभग 97 लाख लोगों की मौत कैंसर से हुई थी। अनुमान है कि वर्ष 2050 तक यह आंकड़ा 3.7 करोड़ तक पहुंच सकता है। भारत में भी कैंसर एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बनता जा रहा है। वर्ष 2023 के अनुमान के अनुसार देश में कैंसर से होने वाली मौतों की दर प्रति एक लाख जनसंख्या पर 86.9 तक पहुंच गई है। हर साल लाखों लोग इस जानलेवा बीमारी से प्रभावित हो रहे हैं।

इसी को देखते हुए संस्था होली एंजेल्स स्कूल के विद्यार्थियों ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए अपनी गुल्लक फोड़कर कैंसर पीड़ितों के इलाज के लिए हैप्पीनेस वेलफेयर सोसाइटी को 31 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की। इन विद्यार्थियों में रौनक सिंह (कक्षा 5वीं,) ने 1100 रुपए, जानकी उमरे (कक्षा 6वीं ) ने 939 रुपए, सक्षम चंद्रवंशी (कक्षा 5वीं) ने 816 रुपए, संस्कार तिवारी (कक्षा 5वीं ) ने 800 रुपए, अनामिका शर्मा (कक्षा 4वीं, पैंसी) ने 610 रुपए, तरुषा भावसार (कक्षा 4वीं) ने 510 रुपए, समर चंद्रवंशी (कक्षा 6वीं) ने 510 रुपए तथा आदित्य (कक्षा 6वीं) ने 505 रुपए का योगदान दिया। बच्चों के इस सराहनीय योगदान पर नायब तहसीलदार सुनीता मैडम ने उन्हें ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हैप्पीनेस वेलफेयर सोसाइटी के कॉर्डिनेटर राहुल गोस्वामी, स्कूल संचालक जस्टिन के. जोसफ, जांसी जेस्टिन तथा स्टाफ कॉर्डिनेटर अर्जुन सिंह राजावत ने विद्यार्थियों का सम्मान करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

### नगर में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्था प्रमुखों का किया सम्मान

# होली उत्सव के तहत नगर में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन, कवियों ने गुदगुदाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सार्वजनिक हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में होली उत्सव के तहत आयोजित सात दिवसीय रंगारंग कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार रात्रि को नया बस स्टैंड पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री गौतम टेटवाल हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉक्टर ध्रुव भल्ला नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद सत्यनारायण शर्मा सहित सभी कवियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया। कवियत्री प्रिती त्रिपाठी दिल्ली द्वारा अपने शुभ मधुर स्वर में सरस्वती वंदना कर




होली का गीत पास आओ की माहौल शराबी कर दो छोड़ दो आज शराफत को खराबी कर दो, दूधिया रंग मोहब्बत के बिना फीका है रंग लेकर मेरे गाल को गुलाल कर दो। सहित अपने अन्य गीतों के माध्यम से शुरुआत में ही कवि सम्मेलन का भव्य आगाज किया। वहीं कवि सम्मेलन के सूत्रधार पंकज पलाश शाजापुर ने अपनी गजल, उस कहानी के आंखों के आंसू है हम जिसके सपनों ने आकार पाया नहीं, सांस लेते हुए पत्थरों में रहे प्यार बाटा मगर प्यार पाया नहीं ,ये बदन पी गया कितने सूरज मगर फिर भी ये साया मुझसे आगे निकल गया, एक आईना हु में जिससे देखता हु में देखते देखते मुझसे कितना आगे निकल गया सहित अन्य गजलों को पड़ा साथ ही हास्य कवि अर्जुन अल्हड कोटा राजस्थान एवं मालवी हास्य कवि नरेंद्र नखेत्री नागदा ने अपनी शानदार एवं विशेष रूप से हास्य-व्यंग्य से भरपूर कविताओं से समस्त नगरवासियों को देर रात तक हँसने को मजबूर करते हुए आनंदित कर दिया। इस दौरान पुर्व नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरुलाल पुष्पद गोरव नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा दिनेश सिसोदिया महेश पाटीदार सतीश मिश्रा भुपेन्द्र जोशी सतीश राठौर लोकेश सोलंकी इशांत मंगल संतोष प्रजापति संजय विजयवर्गीय सतीश गिरजे प्रकाश पुरी महेश प्रजापति कैलाश पुष्पद रामेश्वर पुष्पद कमल राठौर विकास रजक सहित बड़ी संख्या में दर्शक तथा समिति के सदस्य उपस्थित थे।